हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 12 मार्च 2025

11 वेस्ट मैनेजमेंट में जुईखुर्द कन्या स्कूल की अनमोल ...



12 ंयुक्त किसान मोर्चा ने रोष प्रदर्शन कर दिया धरना






## खबर संक्षेप

### बस व ट्रैक्टर से बैटरी चोरी के दो आरोपित गिरफ्तार

**भिवानी।** डिटेक्टिव स्टाफ लोहारू ने गांव दांग खुर्द में खड़ी स्कूल बस व ट्रैक्टर से बैटरी चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। विजय व सतबीर ने थाना तोशाम पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता के द्वारा पुलिस को बताया गया था कि गांव खुर्द में खड़ी स्कूल बस व वहीं खड़े ट्रैक्टर से चोर बैटरी चोरी करके ले गए हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान नरेंद्र निवासी बास खुर्द, जिला हिसार व साहिल निवासी बास खुर्द जिला हिसार के रूप में हुई है।

### बिना लाइसेंस के अवैध शराब के साथ पकड़ा

**भिवानी।** सीआईए स्टाफ-2 भिवानी की टीम ने बुदशैली से एक व्यक्ति को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सीआईए स्टाफ-2 भिवानी के मुख्य सिपाही ओम प्रकाश अपनी टीम के साथ गश्त पड़ताल ड्यूटी बस अड्डा बुधशैली मौजूद थे तभी उन्हें सूचना प्राप्त हुई की व्यक्ति हिसार राजगढ़ हाईवे रोड पर होटल के पास खड़ा है जिसके पास बिना लाइसेंस के अवैध शराब है। पुलिस ने योजना बनाकर आरोपी को दबोच लिया। आरोपी की पहचान सोनू कुमार निवासी वार्ड नंबर 06 सिवानी के रूप में हुई है।

### सीआईए स्टाफ-2 ने गांजा के साथ किया गिरफ्तार

**भिवानी।** सीआईए स्टाफ-2 भिवानी की टीम ने व्यक्ति को मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीआईए स्टाफ-2 भिवानी के सहायक उप निरीक्षक कुमार अपनी टीम के साथ गश्त पड़ताल ड्यूटी दादरी गेट भिवानी मौजूद थे। पुलिस टीम को सूचना मिली कि व्यक्ति ढाणा रोड पर धर्मशाला के आगे खड़ा है, जिसके पास मादक पदार्थ गांजा है पुलिस टीम ने रेड माकर व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान गौरव निवासी बावड़ी गेट जिला भिवानी के रूप में हुई है।

### पुलिस ने आरोपी से 7.1 ग्राम हैरोइन की बरामद

**भिवानी।** थाना सिविल लाइन पुलिस ने मादक पदार्थ हैरोइन के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर उसके दूसरे साथी को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना सिविल लाइन के उप निरीक्षक धर्मबीर सिंह को सूचना प्राप्त हुई थी कि व्यक्ति मादक पदार्थ लेकर ट्रेन के द्वारा सिटी स्टेशन भिवानी पर आएगा। पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर एक व्यक्ति को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान कृष्ण निवासी गांव बहलम्बा, तहसील महम जिला रोहतक हाल निवासी रोहतक गेट भिवानी के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने आरोपी से 7.1 ग्राम हैरोइन को बरामद की है।

### सर्व कर्मचारी संघ की जिला स्तरीय बैठक आज

**चरखी दादरी।** सर्व कर्मचारी संघ की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन 12 मार्च को किया जाएगा। जिला प्रधान कृष्ण उण ने बताया कि बैठक दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय में होगी। बतौर मुख्य वक्ता स्टेट कार्यकारिणी से कोषाध्यक्ष शिरकत करेंगे। बैठक में 17 मार्च को जिला स्तर पर होने वाले कर्मचारी एसेंबली को लेकर चर्चा कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

## मतगणना को लेकर हर मिनट बढ़ रही उम्मीदवारों की हार्टबीट

# किसके माथे सजेगा ताज, नपा के नतीजे घोषित होंगे आज





**भिवानी।** मतगणना को लेकर पुलिस द्वारा की गई बैरिकेटिंग और सिवानी मतगणना केंद्र का निरीक्षण करते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अब इंतजार की घड़ियां खतम होने में कुछ ही घंटों का समय बचा है। बुधवार को ईवीएम में दस दिनों से उम्मीदवारों की हार जीत के नतीजे आऊट हो जाएंगे।

चुनावी नतीजों को लेकर उम्मीदवारों की धड़कने बढ़ गई है। जिस हिसाब से मतगणना का समय नजदीक आ रहा है। उसी हिसाब से पल दर पल उम्मीदवारों की हार्टबीट घट व बढ़ रही है। कभी समर्थकों से मतदान को लेकर मंथन तो कभी देवताओं की शरण में पहुंचने लगे है। हालात ये बने है कि बवानीखेड़ा, लोहारू व सिवानी कस्बों में नपा के चेयरमैन पद के चुनावी नतीजों को लेकर चर्चाए शुरू हो गई।

दूसरी तरफ जिला प्रशासन ने किसी प्रकार की अप्रिय घटनाओं से बचने के लिए पूरी तैयारी कर ली है।

> बवानीखेड़ा, लोहारू व सिवानी कस्बों में नपा के चेयरमैन पद के चुनावी नतीजों को लेकर चर्चाएं हो चुकी है शुरू

जहां पर मतगणना प्रक्रिया पूरी करवाई जानी है। उस जगह पर सुरक्षा चौकस की जा चुकी है। यहां तक कि एक दिन पहले ही पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए है। यहां तक कि अभी से मतगणना केंद्र के आसपास परिंदे को भी पर नहीं मारने दिया जा रहा है।

### सुरक्षा चाक चौबंद

सिवानी, लोहारू व बवानीखेड़ा में मतगणना को लेकर पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए मतगणना केंद्र की तरफ जाने वाले रास्ते पर नाकाबंदी कर दी। मतगणना केंद्र भवन के मुख्य द्वार की तरफ अभी से ही किसी को नहीं जाने दिया जा रहा है। मतगणना से पूर्व ही पुलिस मतगणना केंद्रों का निरीक्षण कर रही है। इनके अलावा जिला प्रशासन भी मतगणना केंद्रों का निरीक्षण करके मतगणना की तैयारियों का जायजा ले रहे है।

## बिना आई कार्ड के नहीं होगी एंट्री : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने एक-एक प्रक्रिया की गहनता से ली जानकारी, चूक की नहीं होनी चाहिए कोई भी संभावना
- दो-दो राउंड में 8 टेबलों पर होगी मतगणना ,आज सुबह 8 बजे शुरू होगी गिनती

सिवानी नगर पालिका के रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने बताया कि नगर पालिका के अध्यक्ष तथा वार्ड पार्षदों के चुनाव की मतगणना 12 मार्च को सुबह 8 बजे से की जाएगी। सुबह 7 बजे से होगी एंट्री। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग मतगणना के लिए एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने फाइनल रिहर्सल की। एक-एक मतगणना प्रक्रिया की ली जानकारी। मतगणना का कार्य राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के हाल में की जाएगी। एसडीएम ने एक-एक प्रक्रिया की गहनता से ली जानकारी, कोई भी चूक की नहीं होनी चाहिए कोई भी संभावना। बिना आई कार्ड के किसी को भी प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।

एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने बताया कि वार्ड पार्षद तथा चेयरमैन की दो-दो राउंड की मतगणना होगी। लोहारू के नगर पालिका के वार्ड पार्षद के लिए मतों की गणना दौरान में 8 टेबल लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम वार्ड पार्षद की मतगणना की जाएगी। इसके बाद नपा के अध्यक्ष के मतों की गणना होगी। चेयरमैन के मतों की गणना के लिए भी 8 टेबल लगाए गए हैं। मतगणना प्रक्रिया में जुटे अधिकारी व कर्मचारी की एंट्री भी सुबह 7 बजे और मतगणना एजेंटों की एंट्री भी 12 मार्च को सुबह 7 बजे होंगी। इस अवसर पर नायब तहसीलदार कृष्ण कुमार, नगर पालिका सचिव सुनील कुमार, थाना प्रभारी प्रेम कुमार सैनी, सुशील बिश्नोई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निषेधज्ञा लागू



**भिवानी।** जिलाधीश महावीर कौशिक ने आदेश जारी कर जिले में नगर पालिका चुनाव की मतगणना के दौरान कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निषेधज्ञा लागू की है। उन्होंने अपने आदेशों में कहा है कि नगर पालिका सिवानी, लोहारू व बवानी खेड़ा के आम चुनाव 2025 का मतदान दो मार्च को हो चुका है। जिनकी मतगणना नगरपालिका अनुसार बनाए गए मतगणना केंद्रों में 12 मार्च को प्रातः 08.00 बजे शुरू होगी तथा अन्तिम परिणाम आने तक लगातार जारी रहेगी।

## मतगणना केंद्र में मोबाइल सहित नहीं हो पाएगा प्रवेश, काउंटिंग एजेंट के बनाए गए हैं प्रवेश पत्र : महेश कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

नगर पालिका चुनाव की मतगणना को लेकर बवानी खेड़ा में पुख्ता तैयारियां की गई हैं। नगर पालिका चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी महेश कुमार ने बताया कि 12 मार्च बुधवार को होने वाली मतगणना के दौरान मतगणना केंद्र में मोबाइल ले जाने पर पाबंदी रहेगी। उन्होंने बताया कि मतगणना स्थल पर प्रवेश के लिए प्रवेश पत्र जारी किए गए हैं ।

उम्मीदवारों तथा चुनाव एजेंट को आई कार्ड जारी किए गए हैं । चुनाव रिटर्निंग अधिकारी बताया कि मतगणना वार्ड वाइज करवाई जाएगी। प्रशासन द्वारा मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम



किए गए हैं। इसके साथ ही मतगणना की प्रक्रिया किस प्रकार से शुरू होगी। इस बारे में भी पारदर्शिता के लिए उम्मीदवारों, प्रशासनिक अधिकारियों को समय-समय पर हरियाणा चुनाव आयोग की हिदायतों बारे भी अवगत करवाया जा रहा है। मतगणना को प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है।

### 8 बजे शुरू होगी गिनती

उन्होंने बताया कि मतगणना बुधवार को सुबह 8 बजे शुरू हो जाएगी। बैरिकेडिंग और टेंट की समुचित व्यवस्था कर दी गई है तथा सुरक्षा के लिहाज से भी पुख्ता इंतजाम कर लिए गए हैं। राजकीय महिला महा विद्यालय में थ्री लेयर सुरक्षा व्यवस्था मतगणना केन्द्र पर की गई है। काउंटिंग स्टाफ तथा काउंटिंग एजेंट के प्रवेश के लिए अलग-अलग जगह बैरिकेडिंग करते हुए तय की गई है। काउंटिंग स्टाफ मतगणना हॉल में अलग से जाए तथा काउंटिंग से संबंधित एजेंट निर्धारित जगह पर प्रवेश कर पाए। निर्वाचन आयोग के अनुसार मतगणना के कुछ नियम होते हैं, जिनका पालन करना होता है।

## बोर्ड परीक्षा : 09 पर्यवेक्षक व 01 लिपिक को किया रिलीव और 37 नकल के मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

प्रदेशभर में सैकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) विज्ञान एवं डी.एल.एड. (रि-अपीयर/मर्सी चांस) विषय की परीक्षाएं नकल-रहित, सुव्यवस्थित व शान्तिपूर्वक संचालित हुई। उडऩदस्तों द्वारा निरीक्षण के दौरान कुछ परीक्षा केन्द्रों पर अनुचित साधन के कुल 37 मामले दर्ज किए गए। मंगलवार को विज्ञान विषय की परीक्षा में 284829 परीक्षार्थी तथा डीएलएड (रि-अपीयर) की विषय की परीक्षा में 245 छात्र-अध्यापक प्रविष्ट हुए। बोर्ड अध्यक्ष प्रो०(डॉ०) पवन कुमार ने बताया कि उनके स्वयं के उडऩदस्ते द्वारा जिला-अम्बाला व पंचकूला के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर छापेमारी की गई। निरीक्षण के दौरान 03 मामले अनुचित साधन प्रयोग के दर्ज किए गए। उन्होंने बताया कि बोर्ड उपाध्यक्ष सतीश कुमार के उडऩदस्ते द्वारा जिला-हिसार के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया जहां परीक्षा केन्द्र राकवमावि, मंगाली (हिसार) पर नियुक्त पर्यवेक्षक सुनीता,पीजीटी, भगत सिंह मॉडल स्कूल,खेदड़ को परीक्षा ड्यूटी में कर्तव्य की उपेक्षा किए जाने के कारण परीक्षा ड्यूटी से कार्यभार मुक्त किया गया। डॉ० मुनीश नागपाल ने बताया कि उनके उडऩदस्ते द्वारा जिला सोनीपत व रोहतक के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

## दुष्कर्मी जेठ व उसके साथी को 20 साल की कैद

- दोषी जेठ महिला को जबरदस्ती आटो में बिठाकर सुनसान जगह पर ले गया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भाई की पत्नी के साथ अपने साथी के साथ मिलकर दुष्कर्म करने के मामले में आरोपियों को बिक्रमजीत अरोडा अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश भिवानी की कोर्ट ने आरोपियों को दोषी करार देते हुए राम प्रसाद पुत्र हवा सिंह निवासी भिवानी तथा दूसरे आरोपी राजकुमार पुत्र सूरजभान निवासी भिवानी को 20 वर्ष कैद की सजा सुनाई गई है। साथ ही आरोपियों पर 20 हजार रुपये का जुर्माना



किया है। जुर्माना अदा न करने की सूरत में आरोपियों को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थानो औद्योगिक क्षेत्र भिवानी ने वर्ष 2023 में अभियोग पंजीबद्ध किया था। मामले के अनुसार वर्ष 2023 में पीड़ित महिला ने पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें शिकायतकर्ता महिला ने पुलिस को बताया कि उसका पति घर से बाहर काम पर गया हुआ था जो पीछे से उसके जेठ ने उसे जबरदस्ती आटो में बिठाकर एक सुनसान जगह पर ले गया था जहां पर मकान में पहले से ही मौजूद उसके जेठ के साथी व उसके जेठ ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। थाना औद्योगिक क्षेत्र भिवानी के द्वारा बिना किसी विलंब के अभियोग अंकित किया गया। इसके बाद पीड़िता के मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान करवाए गए । न्यायालय ने अभियोग में सुनवाई करते हुए आरोपियों को कारावास व जुर्माना की सजा सुनाई है। अभियोग के ट्रायल के दौरान डिप्टी डीए साहिल हुड्डा के द्वारा आरोपियों को सजा दिलाने के लिए प्रभावी पैरवी की गई थी।

### परसराम हेतराम स्कूल में मेगा सर्विस कैंप 26 को

**चरखी दादरी।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से आगामी 26 मार्च को परसराम हेतराम स्कूल में मेगा सर्विस कैंप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों की तरफ से स्टॉल लगाकर योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम संजीव काजला ने बताया कि प्राधिकरण की ओर से 26 मार्च को परसराम हेतराम स्कूल में आम नागरिकों को जनसेवाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से मेगा कैंप लगेगा। कैंप में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत मौके पर ही आवेदन करवाए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेडिकल जांच, नेत्र जांच तथा आयुष्मान कार्ड बनाने की सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

## वीडियो सामने आने पर सीएमओ ने जांच कमेटी गठित की

# महिला वार्ड सर्वेंट ने मरीज का किया एक्स-रे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

मंगलवार को दादरी सामान्य अस्पताल के एक्स-रे रूम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें अस्पताल की महिला वार्ड सर्वेंट एक्स-रे करते हुए दिखाई दे रही है। वीडियो सामने आने के बाद सीएमओ ने एसएमओ के नेतृत्व में जांच कमेटी गठित कर दी है। उल्लेखनीय है कि सोशल मीडिया पर सामान्य अस्पताल में महिला वार्ड सर्वेंट द्वारा एक्स-रे करने का एक वीडियो वायरल हो गया। वीडियो में वार्ड सर्वेंट मरीज



का एक्स-रे करते हुए दिखाई दे रही है। बताया जा रहा है कि ये वीडियो अस्पताल में आए किसी दूसरे मरीज ने बनाया है, जिसके बाद इसे वायरल कर दिया गया। वीडियो मिलने के बाद अस्पताल प्रशासन की बड़ी लापरवाही दिखाई दी है। ये जांच का विषय है कि अस्पताल में रेडियोलोजिस्ट होने के बावजूद सर्वेंट ने एक्स-रे मशीन का प्रयोग कैसे किया। वार्ड सर्वेंट को एक्स-रे से संबंधित कोई जानकारी नहीं होती, ये सीधा मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ है। सीएमओ राजवेंद्र ने बताया एक वीडियो और फोटो मिली हैं, जिसमें वार्ड सर्वेंट एक्स-रे करती हुई दिखाई दे रही हैं। एक्स-रे करना रेडियोलोजिस्ट की ड्यूटी है। मामले की जांच के लिए एसएमओ की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया है। जांच में महिला सर्वेंट के अलावा अगर अन्य कर्मचारी भी दोषी मिला तो कार्रवाई की जाएगी।

> **ये हैं वार्ड सर्वेंट का कार्य**
>
> वार्ड सर्वेंट को एक्स-रे मशीन या एक्सरे की कोई जानकारी नहीं होती। अस्पताल में वार्ड सर्वेंट का काम मरीजों को उनकी रोजमर्रा की जरूरतों में मदद करना, अस्पताल की साफ-सफाई बनाए रखना । मरीजों को व्हीलचेयर या स्ट्रेचर पर ले जाने में मदद करना, दवाइयां और खाने-पीने की वस्तु पहुंचाना हैं। इसके अलावा वार्ड सर्वेंट नर्स व डॉक्टरों के कामों में मदद करना और मरीजों के रिकॉर्ड का रखरखाव करने की ड्यूटी होती है।

## बोर्ड परीक्षा में अब तक 344 अनुचित साधन के केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- 29 पर्यवेक्षको को किया कार्यभार मुक्त, 09 परीक्षा केन्द्रों की परीक्षा रद्द

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा सैकेण्डरी एवं सीनियर सैकेण्डरी वार्षिक परीक्षा तथा डी.एल.एड. (रि-अपीयर) फरवरी/मार्च-2025 का आयोजन नकल रहित सुचारू रूप से करवाया जा रहा है। बोर्ड सचिव डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि ये परीक्षाएं 27 फरवरी से आरम्भ होकर 29 मार्च, 2025 तक चलेंगी।

परीक्षा केन्द्रों पर प्रभावी निरीक्षण के लिए 227 उड़नदस्ते गठित किए गए। संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर 588 ऑब्जर्वर भी नियुक्त किए गए हैं। शिक्षा बोर्ड द्वारा अभी तक सैकेण्डरी कक्षा के विभिन्न विषयों के 04 दिनों व सीनियर सैकेण्डरी के विभिन्न स्ट्रीम के 05 दिनों में होने वाले पेपरों में अनुचित साधन के 344 केस बन चुके हैं व अभी तक बोर्ड ने 29 पर्यवेक्षकों को परीक्षा ड्यूटी से कार्यभार मुक्त किया गया है। शिक्षा बोर्ड द्वारा अभी तक 09 परीक्षा केन्द्रों की परीक्षा रद्द की गई है।



# प्यार और रोमांस के बीच चीखें निकाल देगा 'तू या मैं' का टीजर

**मुंबई।** बॉलीवुड में अपने डेब्यू के लिए तैयार शनाया कपूर की आगामी फिल्म 'तू या मैं' का टीजर मंगलवार को जारी हो गया है। इस फिल्म में शनाया कपूर के साथ 'द व्हाइट टाइगर' स्टार आदर्श गौरव नजर आएंगे। यह सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म साल 2026 में वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज होगी। फिल्म के टीजर को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करते हुए शनाया ने लिखा, 'प्यार, आतंक और ये साथ बहुत-बहुत गलत हो गया। 'तू या मैं' के लिए कौन ज्यादा उत्साहित है?' बेजॉय नांबियार द्वारा निर्देशित इस फिल्म का टीजर डरावने माहौल वाले बैकवॉटर में सामने आता है, जहां एक लड़का-लड़की पानी में उतरते तो रोमांस के लिए हैं, लेकिन अचानक से पूरी कहानी बदल जाती है, सारे जज्बात बदल जाते हैं।

## लाइफ Style



# अदा
## नेचर के करीब रहना ज्यादा पसंद

अदा शर्मा काफी वर्सटाइल एक्ट्रेस है। वह अब तक अलग-अलग जॉनर की फिल्में कर चुकी हैं। खासकर 'द केरल स्टोरी'में उनके अभिनय को खूब सराहा गया। इसी फिल्म के दौरान उनका एक्टिंग, डिजाइनर कपड़ों को लेकर नजरिया भी बदला।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अदा शर्मा को पिछले कुछ सालों में सोशल मीडिया से लेकर फिल्म इवेंट्स तक में बहुत ग्लैमरस अंदाज में नहीं देखा गया है।हाल ही में अदा शर्मा ने बताया कि उन्हें अहसास हो चुका है कि डिजाइनर ड्रेस पहनकर कोई स्टार नहीं बनता है। हाल ही में इंस्टेंट बॉलीवुड को दिए गए एक इंटरव्यू में अदा शर्मा बताती हैं कि जब वह फिल्म 'केरल स्टोरी'का प्रमोशन कर रही थी तो अपनी मम्मी की साड़ी पहनकर, इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट करती है। क्योंकि कहानी काफी सीरियस थी। फिल्म भी हिट हुई। तब अदा शर्मा को अहसास हुआ कि डिजाइनर कपड़े पहनकर कोई सफल नहीं होता है। तभी उनका नजरिया बदला कि सिर्फ अच्छी एक्टिंग करना ही जरूरी है। आगे अदा शर्मा कहती हैं, ' बहुत सारी ड्रेस, जूतों को मेंटेन करना भी मुश्किल काम है। इसके लिए घर को बंद भी रखना है जिससे धूल-मिट्ट ना आए। लेकिन, मुझे नेचर पसंद है, चिड़िया, कबूतर देखना अच्छा लगता है, इसलिए खिड़की खुली रखती हूं। यही कारण है कि मेरा ड्रेसेस से ज्यादा इंट्रेस्ट नेचर के साथ रहने में है।' जल्द ही अदा शर्मा एक फिल्म 'तुमको मेरी कसम'में भी नजर आएंगी।

## हॉलीवुड मसाला




# रोमांचक कहानी पर आधारित

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड की कई फिल्में लगातार रिलीज हो रही हैं। दर्शक फिल्म को देख भी रहे हैं। लेकिन, अगर आप बॉलीवुड की फिल्मों से हटकर कुछ अलग एक्शन, रोमांस और ड्रामा देखने की चाहत रखते हैं तो आपको इस महीने रिलीज होने वाली इस हालीवुड फिल्म को जरूर ट्राई करना चाहिए। बोंग जून-हो द्वारा निर्देशित 'मिकी 17' फिल्म साइंस-फिक्शन एक बेहद दिलचस्प और रोमांचक कहानी पर आधारित है। इस फिल्म में रॉबर्ट पैटिनसन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।



# ब्लैक बैग 28 मार्च को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड की कई फिल्में लगातार रिलीज हो रही हैं। दर्शक फिल्म को देख भी रहे हैं। लेकिन, अगर आप बॉलीवुड की फिल्मों से हटकर कुछ अलग एक्शन, रोमांस और ड्रामा देखने की चाहत रखते हैं तो आपको इस महीने रिलीज होने वाली इस हालीवुड फिल्म को जरूर ट्राई करना चाहिए। ब्लैक बैग एक थ्रिलर फिल्म होगी, जिसमें एक्शन और सस्पेंस का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलेगा। ब्लैक बैग 28 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। ब्लैक बैग एक अमेरिकी जासूसी थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन स्टीवन सोडरबर्ग ने किया है। वहीं डेविड कोएप ने इस फिल्म को लिखा है। इस फिल्म में केट ब्लैंचेट, माइकल फैसबेंडर, मारिसा अबेला, टॉम बर्क, नाओमी हैरिस, रेगे-जीन पेज और पियर्स ब्रॉसनन ने मुख्य भूमिका निभाई है।



# तीन रात जागकर शूट किया था गाना

**मुंबई।** फिल्म 'रूही' में जान्हवी कपूर और राजकुमार राव लीड रोल में नजर आए। इस फिल्म में जान्हवी 'नदियों पार' गाने पर परफॉर्म करती दिखीं, जो काफी हिट हुआ है। मंगलवार 11 मार्च को इस फिल्म की रिलीज को चार साल पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर जान्हवी ने गाने की शूटिंग का अनुभव शेयर किया है। उन्होंने बताया कि तीन रातें जागकर उन्होंने गाना शूट किया। जान्हवी ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने 'नदियों पार' सॉन्ग से अपनी फोटोज शेयर की हैं। इसके साथ लिखा है, 'फिल्म 'रूही' के चार साल। मेरा पहला सोलो डांस नंबर। मैं सचमुच में किसी बच्चे की तरह थी। इस गाने को लेकर काफी घबराहट हो रही थी। मुझे यह तक नहीं मालूम था कि तेज लाइट्स में अपनी आंखों को बंद किया बैना किस तरह खुला रखना है'?



# परदे पर साथ नजर आएंगे आमिर-रणबीर

**मुंबई।** आमिर खान और रणबीर कपूर एक साथ परदे पर नजर आने वाले हैं। ऐसा कहना है खुद आलिया भट्ट का। आलिया ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें आमिर और रणबीर नजर आ रहे हैं। यह जानकर दर्शक काफी उत्साहित हैं और प्रोजेक्ट से जुड़ी डिलेट का इंतजार कर रहे हैं। आलिया एक पोस्टर हाथ में लिए नजर आ रही हैं और कह रही हैं, 'मैं आप सभी को यह दिखाने का इंतजार कर रही थी। मेरे दो फेवरेट एक्टर साथ में दिखेंगे। एक-दूसरे के आमने-सामने'। इसके बाद आलिया ने पोस्टर दिखाया, जिसमें आमिर और रणबीर कपूर नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ आलिया ने कैप्शन लिखा है, 'सर्वश्रेष्ठ की लड़ाई! मेरे दो पसंदीदा अभिनेता एक-दूसरे के खिलाफ। कुछ बेहद रोमांचक जानकारी के लिए साथ बने रहिए।

## टीवी मसाला

# बहन से गठबंधन नहीं कराएगा प्रेम जूता चुराई की रस्म में आएगा ट्विस्ट

**नई दिल्ली।** अनुपमा सीरियल का मंगलवार का एपिसोड राही और प्रेम की शादी को मुकम्मल करेगा। वसुंधरा कोठारी और पराग कोठारी की नाराजगी और गौतम की चालबाजियों के बीच रीति-रिवाजों का सिलसिला आगे बढ़ेगा और पंडित जी जोड़े की शादी करवाएंगे। हर बढ़ती रस्म और



रिवाज के बीच अनुपमा, मोटी बा, लीला बा और बाकी लोग उन रस्मों का महत्व समझाते जाएंगे। फिर बारी आएगी गठबंधन की। पंडित जी प्रार्थना से आकर गठबंधन करने को कहेंगे, लेकिन प्रेम अपनी बहन से बहुत नाराज होगा। प्रेम अपनी बहन प्रार्थना से गठबंधन कराने से साफ इनकार कर देगा। वह परी से कहेगा कि तुम भी मेरी बहन जैसी ही हो, तुम यह गठबंधन करोगी। तब वसुंधरा कोठारी कहेगी कि जब तुम्हारी बहन यहां पर है तो वह यह रस्म करेगी, कोई और यह क्यों करेगा? तब प्रेम अपने परिवार को करारा जवाब देगा और कहेगा कि प्रार्थना मेरी बहन है जरूर, लेकिन ऐसा लगता है कि वो यह भूल गई है। अब उसके लिए सिर्फ एक ही रिश्ता जरूरी रह गया है तो बेहतर है कि वह उसी रिश्ते को निभाए। बात बिगड़ती देख अनुपमा दखल लेगी। अनुपमा तब प्रेम को समझाएगी कि जिसकी रस्म है वही करेगा। प्रार्थना डरी हुई होगी लेकिन फिर अपने पति गौतम के कहने पर मंडप की तरफ बढ़ेगी। प्रार्थना अपने भाई और भाभी का गठबंधन करते हुए मन ही मन कहेगी कि तुम दोनों की जोड़ी हमेशा ऐसे ही बनी रहे। वो दोनों को आशीर्वाद देगी और फिर लौट आएगी। जूता चुराई की रस्म फीकी रहेगी और ईशानी-परी बिना तंग किए सीधे ही प्रेम को जूते लौटा देंगे। वह कहेंगे कि हमें आपसे पैसे नहीं बस यह वादा चाहिए कि आप हमारी बहन को हमेशा खुश रखेंगे। लेकिन वसुंधरा कोठारी उन्हें नोटों की गड्डी देकर कहेगी कि यह तुम्हारा हक है।

## देवोलीना ने क्या बदल लिया है धर्म?

**नई दिल्ली।** देवोलीना भट्टाचार्जी ने शाहनवाज शेख से शादी की और दोनों का बेटा भी है। देवोलीना और शहनवाज की शादी पर कई सवाल भी खड़े हुए, लेकिन दोनों ने कभी उस नफरत को अपने रिश्ते में नहीं आने दिया। दोनों के अलग-अलग धर्म को लेकर भी उन्हें नेगेटिविटी का सामना करना पड़ा था। अब देवोलीना ने अपने व्लॉग्स के जरिए ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया है जो उनके रोजा सेलिब्रेट करने पर सवाल खड़ा कर रहे थे। देवोलीना ने कहा, 'हमारे फेस्टिवल्स को लेकर कई लोग कमेंट कर रहे हैं तो मैं बताना चाहूंगी कि ये लाइफ मेरी और शाहनवाज की है और मुझे इसमें किसी की दखलअंदाजी नहीं चाहिए। दुख की बात यह है कि ज्यादातर औरतों बोलती हैं जो मेरे बच्चे या मुझपर कमेंट करती हैं। लेकिन, आपको खुद के अंदर देखना होगा तभी आप दूसरों को अच्छे से देखेंगे।' मेरे पति मेरे साथ मेरे सारे फेस्टिवल मनाते हैं, इसलिए मैं उनके साथ उनके फेस्टिवल खुशी-खुशी मनाती हूं। जो हमारे फेस्टिवल नहीं भी होते उन्हें भी हम मनाते हैं खुश होकर। देखिए धर्म, जात-पात को लेकर काफी नफरत है, लेकिन हमारे घर में ऐसा कुछ नहीं है।



# भाई की फिल्म ने तोड़ी धर्मेंद्र की इमेज
## एक गाने में डांस देख हेमामालिनी भी हुई थीं लट्टू

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के 'ही मैन' धर्मेंद्र ने साल 1960 में फिल्म 'दिल भी तेरा हम भी तेरे' से एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। पहली फिल्म से उन्हें पहचान नहीं मिल पाई थी। लेकिन, साल 1975 में उन्होंने एक ऐसी फिल्म में काम किया था कि उनकी पूरी इमेज ही बदल गई थी।*

***'गरम धरम' की मिली इमेज :*** *यूं तो धर्मेंद्र को अपनी पहली फिल्म के बाद असल पहचान फिल्म 'फूल और पत्थर' से मिल गई थी। ये धर्मेंद्र के कॅरियर की पहली हिट फिल्म थी। लेकिन, इसके बाद भी उन्हें इडंस्ट्री में वो मुकाम नहीं मिला था। फिर साल 1975 में एक ऐसी फिल्म आई जिसने धर्मेंद्र के कॅरियर को पूरी तरह बदल दिया था। इस फिल्म के प्रोड्यूसर उनके भाई थे और फिल्म की कहानी भी उन्हीं की थी। इस फिल्म से उन्हें 'गरम धरम' की इमेज मिली थी।*

***हिट की गारंटी बन गए थे धर्मेंद्र :*** *छैल छबीले धर्मेंद्र की माचो मैन वाली छवि देने वाली उस फिल्म का नाम है प्रतिज्ञा। इस फिल्म के एक गाने 'मैं जट यमला पगला*



*दीवाना'में धर्मेंद्र ने ऐसा डांस किया था कि खुद हेमा मालिनी भी उन पर लट्टू हो गई थीं। भाई की बनी इस फिल्म में धर्मेंद्र ने ऐसा जबरदस्त रोल निभाया था कि लोग उनके दीवाने हो गए थे। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कई बड़े कमाई के रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। इसी से मिली गरम-धरम की इमेज मिली। इसके बाद धर्मेंद्र हिट की गारंटी बन गए थे।*

***टर्निंग प्वाइंट मानी जाती है 'प्रतिज्ञा' :*** *फिल्म 'प्रतिज्ञा' धर्मेंद्र के निजी जीवन और कॅरियर दोनों का टर्निंग प्वाइंट मानी जाती है। पहला टर्निंग प्वाइंट तो यही के तमाम बातों, मुलाकातों और आठ फिल्मों तुम हसीं मैं जवां, शराफत, नया जमाना , सीता और गीता, राजा जानी, जुगनू, दोस्त व पत्थर और पायल में साथ काम करने के बाद हेमा मालिनी और धर्मेंद्र ने इसी फिल्म की शूटिंग के दौरान पहली बार एक-दूसरे के दिल की बात जानी थी।*

***मैं जट यमला पगला दीवाना :*** *धर्मेंद्र के भोलेपन पर हेमा मालिनी 'मैं जट यमला पगला दीवाना' की शूटिंग वाले दिन ही फिदा हो गई थीं और गाने की शूटिंग पूरे करने के बाद हेमा मालिनी ने धर्मेंद्र के सामने पहली बार उनकी मोहब्बत को एक्सेप्ट किया था। बता दें कि इस फिल्म के करीब पांच साल बाद दोनों ने शादी रचा ली थी। धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की जोड़ी इसके बाद 21 फिल्मों में और बन। फिल्म का दूसरे टर्निंग प्वाइंट में धर्मेंद्र का निजी और व्यावसायिक जीवन दोनों शामिल है।*

# 'छावा' बनीं 10वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली ब्लॉकबस्टर



*मुंबई। विक्की कौशल की हिस्टोरिक फिल्म 'छावा' आए दिन एक नया माइल्स टोन सेट करती जा रही है। यह साल की पहली ब्लॉकबस्टर फिल्म बनी है। इसने 500 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन किया। यह भारत की 10वीं ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म बन गई है। विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना स्टारर 'छावा' अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों में अपनी जगह बना ली है। फिल्म ने अब सनी देओल की 'गदर 2' को पछाड़कर ऑल टाइम इंडियन बॉक्स ऑफिस चार्ट पर 10वां स्थान हासिल कर लिया है। ट्रेड रिपोर्ट्स के मुताबिक, छावा ने भारत में 526.05 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है, जो 'गदर 2' के कलेक्शन से भी ज्यादा है। 'गदर 2' ने कुल 525.7 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। इसमें छावा का तेलुगू वर्जन का कलेक्शन भी शामिल है। 'छावा' साल की पहली हिंदी रिलीज़ में से एक है जिसका तेलुगु वर्जन भी है। शाहरुख खान की जवान इस मामले में टॉप पर है।*

## 20वीं सदी में डिजिटल मीडिया न होने के कारण कई लव स्टोरीज रह गईं गुमनाम

# बॉलीवुड के इस एक्टर के प्यार में दीवानी थीं ये 5 एक्ट्रेसेज

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के ट्रैजेडी किंग दिलीप कुमार का चार्म ऐसा था कि जो भी उनके करीब आया, वही उनका दीवाना हो गया। 20वीं सदी में डिजिटल मीडिया न होने के कारण कई लव स्टोरीज गुमनाम रह गईं, लेकिन फिल्म इंडस्ट्री में उनके चर्चे हमेशा जिंदा रहे। उनकी जिंदगी में पांच बड़ी एक्ट्रेसेज आईं, जिनमें से चार प्रेम कहानी अधूरी रह गईं। एक ही एक्ट्रेस को उनका प्यार मिला।*

### कमिनी कौशल : परिवार के विरोध में टूटा रिश्ता

बहुत कम लोग जानते हैं कि गुजरे जमाने की



एक्ट्रेस कमिनी कौशल कभी दिलीप कुमार की दीवानी थीं। हालांकि, उनके भाई ने इस रिश्ते को कभी स्वीकार नहीं किया। उनके भाई और परिवार के चलते दोनों को अलग होना पड़ा। लंदन के एक इवेंट में जब उनसे इस अफेयर पर सवाल किया गया, तो उन्होंने इसे टाल दिया।

### मधुबाला : 9 साल का लंबा अफेयर

दिलीप कुमार और मधुबाला की प्रेम कहानी बॉलीवुड की सबसे मशहूर प्रेम कहानियों में से एक है। नौ साल तक चले इस रिश्ते में सगाई तक की खबर थी। एक्ट्रेस की बहन ने दोनों की सगाई की खबर की पुष्टि की थी। लेकिन, फिल्म 'नया दौर'के विवाद के दौरान जब दिलीप कुमार ने मधुबाला का साथ नहीं दिया, तो उनका दिल टूट गया। मधुबाला चाहती थीं कि दिलीप उनके पिता से माफी मांगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और उनका रिश्ता खत्म हो गया। ये इंडस्ट्री की सबसे चर्चित अधूरी लव स्टोरी बन गई।



### सायरा बानो : उम्र का फासला नहीं आया प्यार में आड़े

सायरा बानो, दिलीप कुमार से 22 साल छोटी थीं, लेकिन प्यार की कोई उम्र नहीं होती। उन्होंने 1966 में शादी कर ली और उनकी मोहब्बत आज भी मिसाल बनी हुई है। हालांकि, इस शादी में भी एक वक्त ऐसा आया जब दिलीप कुमार ने उन्हें तलाक देकर असमा रहमान से शादी कर ली। लेकिन, कुछ समय बाद उन्हें अपनी गलती का एहसास हुआ और वह फिर से सायरा बानो के पास लौट आए। दोनों ने की शादो 55 साल तक चली। साल 2021 में एक्टर के निधन के बाद भी सायरा अपने साहब को याद करती हैं।



### अस्मा रहमान : दिलीप की सबसे बड़ी गलती

दिलीप कुमार ने अपनी ऑटोबायोग्राफी में लिखा है कि अस्मा रहमान से शादी करना उनकी ज़िंदगी की सबसे बड़ी गलती थी। अस्मा से उनकी मुलाकात हैदराबाद में एक क्रिकेट मैच के दौरान हुई थी, जहां वह अपने पति और तीन बच्चों के साथ रहती थीं। दिलीप साहब को बाद में एहसास हुआ कि वह सिर्फ शोहरत की वजह से उनके करीब आई थीं, इसलिए उन्होंने यह रिश्ता तोड़ दिया। आसमा एक्टर की दूसरी पत्नी मानी जाती हैं।



### वैजयंतीमाला ऑनस्क्रीन रोमांस, लेकिन अधूरी मोहब्बत

दिलीप कुमार और वैजयंतीमाला की जोड़ी ने पर्दे पर धमाका किया था। फिल्म मधुमती, गंगा जमुना जैसी छह फिल्मों में साथ काम करने के बाद दोनों के अफेयर की चर्चा खूब हुई थी। लेकिन, जब असल जिंदगी की बात आई, तो वैजयंतीमाला ने किसी और से शादी कर ली और दिलीप कुमार को आगे बढ़ना पड़ा। इनके अफेयर की खबर उस समय की फिल्म मैगजीन में खूब छपे थे।

## खबर संक्षेप

### ढाणी हरसुख में मनाया बाबा श्याम महोत्सव

**भिवानी।** गांव ढाणी हरसुख स्थित शिव मंदिर में समस्त ग्रामीणों के सहयोग से बाबा श्रीश्याम महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम के तहत एक शाम श्रीश्याम के नाम जागरण, हवन-यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व पंच बन्नीसिंह सैनी ने की। एडवोकेट संदीप सैनी ने बताया कि भक्तजनों ने अपने मुधर भजनों से बाबा की महिमा का गुणगान किया।

### स्वयंसेविकाओं ने किया पौधरोपण और श्रमदान

**भिवानी।** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में मंगलवार को छह मार्च से चल रहे सात दिवसीय शिविर के छठे दिन में प्रातः काल सत्र की शुरुआत परेड से की गई। तत्पश्चात सभी ने सुबह का नाश्ता किया। मंगलवार को शिविर में बतौर मुख्यतिथि कैरू कॉलेज से कंप्यूटर विज्ञान विभाग से संजय कुमार ने शिरकत की, जिन्होंने स्वयंसेविकाओं को डिजिटल जागरूकता के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी।

### शिविर में शिकायतों का हो रहा मौके पर समाधान

**चरखी दादरी।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों पर समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है, जिससे नागरिकों का शासन-प्रशासन में भरोसा समय के साथ और बढ़ता जा रहा है। शिविर में प्रतिदिन नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई कर उनका समाधान सुनिश्चित किया जाता है। शिविर प्रत्येक कार्य दिवस को आयोजित किया जा रहा है।

### खरीद के लिए तैयारियां पुख्ता करें : एसडीएम

**तोशाम।** एसडीएम डॉ. अशवीर सिंह नैन ने कहा कि सरसों की खरीद के लिए अधिकारी अनाज मण्डी में सभी तैयारियां पुख्ता इतंजाम करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को किसानों के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश भी दिए। एसडीएम ने मंगलवार को अनाज मण्डी का दौरा कर आढतियो से सरसों के पुराने स्टॉक की भौतिक जांच कर रहे थे।

### सरसों के पुराने स्टॉक की जांच के लिए टीम गठित

**भिवानी।** सरसों खरीद कार्य से पूर्व जिला की सभी मंडी आढ़तियों के पास उपलब्ध सरसों के पुराने स्टॉक की भौतिक जांच के लिए टीमों का गठन किया गया है। उपायुक्त महावीर कौशिक द्वारा जारी आदेशों के अनुसार रबी सीजन 2025-26 में सरसों की खरीद 15 मार्च 2025 से आरंभ होने जा रही है। इसलिए खरीद से पूर्व सभी मंडी आढ़तियों के पास उपलब्ध सरसों के पुराने स्टॉक की भौतिक जांच पड़ताल की जानी है। जांच के लिए टीम का गठन किया गया है।

### होली के पावन पर्व पर पानी न करें बर्बाद

**भिवानी।** उपायुक्त महावीर कौशिक ने जिला वासियों से होली के पावन पर्व पर पानी को बर्बाद न करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि जल अनमोल है और इसे किसी भी कीमत पर बर्बाद नहीं किया जाना चाहिए। महावीर कौशिक ने कहा कि भूजल स्तर लगातार गिर रहा है। ऐसे में भावी पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य के लिए जल को संरक्षित करना बेहद जरूरी है।

### जागरण में भक्तों ने खेली फूलों की होली

**चरखी दादरी।** फाल्गुण महोत्सव के उपलक्ष्य में सोमवार की रात घिकाड़ा रोड स्थित हरिओम आश्रम में बाबा श्रीश्याम के विशाल जागरण का आयोजन किया। इस अवसर पर भक्तों ने श्रद्धा और उल्लास के साथ फूलों की होली खेली तथा भजनों की मधुर प्रस्तुतियों से बाबा श्रीश्याम को रिझाया। भजन संध्या में स्थानीय गायक कलाकारों ने अपनी सुमधुर आवाज में भजनों की प्रस्तुति देकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जागरण में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

---

#### डीपीसी कार्यालय में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

# वेस्ट मैनेजमेंट में जुईखुर्द कन्या स्कूल की अनमोल ने मारी बाजी

**मॉडल मेकिंग में 50 स्कूलों, पोस्टर मेकिंग में 80 से अधिक तथा रोल प्ले में 42 विद्यालयों ने भाग लिया**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

डीपीसी कार्यालय में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना संयोजक सुभाष भारद्वाज ने की। प्रतियोगिता की मॉडल मेकिंग में 50 स्कूलों, पोस्टर मेकिंग में 80 से अधिक तथा रोल प्ले में 42 विद्यालयों ने भाग लिया। डीईओ ने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया ।

रोल प्ले प्रतियोगिता में डिजास्टर मैनेजमेंट के तहत कक्षा समूह 9 से 12 में शिवम राजकीय वमा विद्यालय कोंट, वेस्ट मैनेजमेंट में राजकीय कन्या वमा विद्यालय बापोड़ा से भूमि प्रथम, फुड एवं हेल्थ हाइजीन में राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय तोशाम से प्रथम, ट्रांसपोर्ट एंड कॉम्युनिकेशन से राजकीय वमा विद्यालय खानक से रवीना प्रथम,नेचुरल फार्मिंग में राजकीय वमा विद्यालय सिंघानी से मीनू प्रथम, मैथमेटिकल मॉडलिंग में राजकीय वमा विद्यालय खानक से कशिश प्रथम, रिसोर्स मैनेजमेंट में राजकीय वमा विद्यालय कोंट से करण प्रथम स्थान जीता। मॉडल मेकिंग में कक्षा समूह 9 से 12 में डिजास्टर मैनेजमेंट राजकीय वमा विद्यालय देवसर से प्रिया प्रथम, वेस्ट मैनेजमेंट में राजकीय कन्या वमा विद्यालय जुई खुर्द से अनमोल प्रथम, फूड एंड हेल्थ हाइजीन में आरोही मॉडल वमा स्कूल तोशाम से अंजलि प्रथम, ट्रांसपोर्ट एंड कम्युनिकेशन में राजकीय वमा विद्यालय बामला से दिव्यांशु प्रथम, नेचुरल फार्मिंग में गवर्नमेंट गर्ल वमा स्कूल बापोड़ा से सिया प्रथम, मैथमेटिकल मॉडलिंग एंड कंप्यूटेशनल थिंकिंग में गवर्नमेंट वमा स्कूल धनाना से आशु प्रथम स्थान पर रही।






भिवानी। विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते डीईओ सुभाष भारद्वाज व अन्य व विज्ञान प्रदर्शनी के विजेताओं को पुरस्कृत करते डीईओ सुभाष भारद्वाज व अन्य।

**ये रहे मौजूद**

आयोजन में निर्णायक मंडल में डॉ. अनिल, डॉ. रविकांत, डॉ. पूनम, मोनिका प्रवक्ता डाइट, जिला सांस्कृतिक समन्वयक संजय सैनी, डॉ. नवल किशोर, पूनम व रितिका ने निभाई। प्रदर्शनी में जिला विज्ञान विशेषज्ञ रोहित इंदौर, सहायक परियोजना संयोजक विवेक अदलखा, कर्मवीर सिंह, सुनीता यादव एवं बलजीत सिंह दहिया आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्राचार्य राजकुमार शर्मा, कमल शर्मा, नरेंद्र शर्मा, अनिल सैनी आदि मौजूद रहे। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया।

**फूड एंड हेल्थ हाइजीन में बापोड़ा की मुस्कान प्रथम**

कक्षा 6 से 8 में मॉडल मेकिंग के डिजास्टर मैनेजमेंट में पीएमश्री गवर्नमेंट वमा स्कूल मीरान से साहिल खान प्रथम, वेस्ट मैनेजमेंट में राजकीय कन्या वमा विद्यालय खरककलां से निधि प्रथम, फूड एंड हेल्थ हाइजीन में गवर्नमेंट गर्ल वमा स्कूल बापोड़ा से मुस्कान प्रथम, ट्रांसपोर्ट एंड कम्युनिकेशन में गवर्नमेंट वमा स्कूल बामला से दीपसिंह प्रथम, नेचुरल फार्मिंग में गवर्नमेंट गर्ल हाई स्कूल हेतमपुरा से खुशी प्रथम, मैथमेटिकल मॉडलिंग एंड कंप्यूटेशनल थिंकिंग में गवर्नमेंट वमा स्कूल बापोड़ा से गीतिका प्रथम तथा रिसोर्स मैनेजमेंट में गवर्नमेंट गर्ल हाई स्कूल हेतमपुरा से दीपिका प्रथम रही। रोल प्ले में कक्षा 6 से 8 डिजास्टर मैनेजमेंट के तहत गवर्नमेंट गर्ल हाई स्कूल हेतमपुरा से दीक्षा प्रथम, वेस्ट मैनेजमेंट में गवर्नमेंट गर्ल हाई स्कूल लोहारी जाटू से नंदिनी प्रथम, फूड एंड हेल्थ हाइजीन में गवर्नमेंट गर्ल हाई स्कूल हेतमपुरा से ममता प्रथम, ट्रांसपोर्ट एंड कम्युनिकेशन में गवर्नमेंट मिडिल स्कूल खेड़ी दौलतपुर से संजू प्रथम, नेचुरल फार्मिंग में गवर्नमेंट गर्ल हाई स्कूल हेतमपुरा से हेमा प्रथम, गवर्नमेंट गर्ल हाई स्कूल पीतमपुरा से दीक्षा मैथमेटिकल मॉडलिंग में प्रथम तथा रिसोर्स मैनेजमेंट में गवर्नमेंट गर्ल हाई स्कूल हेतमपुर से कनिका प्रथम स्थान पर रही।

---



भिवानी। पदक विजेताओं को सम्मानित करते हुए फोटो : हरिभूमि

# चौधरी बंसीलाल विवि ने रनर अप का खिताब जीता

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

- चौधरी बंसीलाल विवि ने अंतर विश्विद्यालय युवा समारोह में मनवाया प्रतिभा का लोहा

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय ने सफलताओं के ताज में एक और नगीना जड़ते हुए केंद्रीय विश्वविद्यालय पाली (महेंद्रगढ़) में 09 व 10 मार्च को आयोजित अंतर विश्विद्यालय युवा समारोह में रनर अप का खिताब हासिल किया। विश्वविद्यालय ने कुल 22 विधाओं में प्रतिभागिता करते हुए 18 विधाओं में पुरस्कार हासिल किए। विश्वविद्यालय के प्रतिभागियों व विजेताओं को कुलपति प्रो दीप्ति धर्माणी,कुलसचिव डॉ भावना शर्मा और डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो सुरेश मलिक ने बधाई दी है।

कुलपति प्रो दीप्ति धर्माणी ने कहा कि इस तरह की उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं में भागीदारी से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है और उन्हें अपनी प्रतिभा के बेहतर प्रदर्शन का अवसर मिलता है। कुलसचिव डॉ भावना शर्मा ने विद्यार्थियों के बेहतर प्रदर्शन पर खुशी जताते हुए इसे विश्वविद्यालय के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। कुलपति प्रो दीप्ति धर्माणी एवं कुलसचिव डॉ भावना शर्मा ने विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो सुरेश मलिक ने कहा कि अल्प समय में ही विश्वविद्यालय ने सांस्कृतिक गतिविधियों में अपना परचम राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय मंचों पर लहराया है जोकि काबिले तारीफ है। गौरतलब होगा कि चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी ने कुलपति दीप्ति धर्माणी की अगुवाई में नुक्कड़ नाटक,माइम, मिमिक्री,ग्रुप सॉन्ग इंडियन व वेस्टर्न इंस्ट्रुमेंटल सोलो में प्रथम स्थान हरयाणवी स्कीट,गजल, वेस्टर्न वोकल सोलो, अंग्रेजी कविता,मेंहदी व क्ले मॉडलिंग में द्वितीय स्थान और ग्रुप सॉन्ग वेस्टर्न,क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट प्रकशन, डिबेट,हिंदी कविता,रंगोली व पोस्टर मेकिंग में तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए कुल 18 विधाओं में प्रथम स्थान हासिल किया। अंतर विश्विद्यालय युवा समारोह में सीबीएलयू का प्रतिनिधित्व वैश्य कॉलेज ,आदर्श महाविद्यालय,एम एन एस राजकीय महाविद्यालय, राजकीय शिक्षण महाविद्यालय भिवानी और विश्विद्यालय शिक्षण विभागों के विद्यार्थियों ने किया।

---

# साक्षात दुर्गा के समान थीं दादी चन्द्रमणि

- ब्रह्माकुमारी की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी हृदयमोहिनी व दादी चन्द्रमणि को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

ब्रह्माकुमारी की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी हृदयमोहिनी की चतुर्थ पुण्य स्मृति दिवस एवं पूर्व अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका दादी चन्द्रमणि को उनके पुण्य स्मृति दिवस पर चरखी दादरी सेवा केन्द्र की ओर से श्रद्धाजंलि अर्पित की ।

कार्यक्रम में जिला प्रभारी राजयोगिनी प्रेमलता ने कहा कि दादी हृदयमोहिनी के साथ जब भी मिलना होता था तो वो सागर की तरह विशाल एवं धरती की तरह गंभीर दिखाई पड़ती थी, उनके एक-एक बोल में भगवान के प्रति सच्चा प्रेम था, जिससे वो सच्ची मीरा दिखाई पड़ती थी। बीके प्रेमलता बहन ने आगे वर्णन करते हुए कहा कि वो नारी शक्ति का ऐसा ज्वलंत उदाहरण थे, जो परमात्म ज्ञान एवं शक्ति से सब उनके सामने निःशब्द हो जाते थे। ब्रह्माकुमारी प्रियंका ने दादी चन्द्रमणि के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा कि वो साक्षात दुर्गा समान थी। अंत में उपस्थित सभी भाई-बहनों ने दादियों को सच्ची श्रद्धाजंलि अर्पित की तथा योग साधना से उच्च कोटि का जीवन जीने की प्रेरणा ली।



चरखी दादरी। ब्रह्माकुमारी की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी हृदयमोहिनी व दादी चन्द्रमणि को श्रद्धांजलि देते बीके भाई बहन। फोटो : हरिभूमि

---

# धर्म-संस्कृति व प्रकृति को संरक्षण देना जरूरी

- गांव केलंगा के खाटू श्याम मंदिर में धर्म कर्म को समर्पित कार्यक्रम
- श्री महंत डॉ .अशोकगिरी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ पौधे लगाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

केलंगा गांव में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट द्वारा श्री खाटू श्याम मंदिर केलंगा में वार्षिक फाग महोत्सव एवं कार्यक्रम का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से गांव में बाबा श्याम का निशान लेकर प्रभात फेरी और शोभा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी, जो बाबा श्याम के जयकारों के साथ पूरे गांव में भ्रमण करती रही। कार्यक्रम का आयोजन स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और धार्मिक उन्नति के उद्देश्य से किया गया। इस अवसर पर स्वच्छ पर्यावरण यज्ञ हवन का आयोजन भी किया गया, जिसमें ग्रामवासी और भक्तगण बढ़-चढ़ कर शामिल हुए। कार्यक्रम के अंतर्गत भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस धार्मिक अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सिद्ध पीठ बाबा जहरगिरी आश्रम के महंत डॉक्टर अशोक गिरी शामिल हुए । उन्होंने श्री श्याम बाबा के प्रति श्रद्धा और आस्था का निर्वहन करते हुए भक्तों और ग्रामवासियों को संबोधित किया।



भिवानी। कार्यक्रम में स्मृति चिंह देकर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**पर्यावरण को स्वच्छ रखें**

उन्होंने श्याम बाबा की भक्ति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान में धर्म और संस्कृति संरक्षण की आवश्यकता बहुत जरूरी है और बताया कि इन आयोजनों के माध्यम से हमें अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का मौका मिलता है। इसके अलावा, उन्होंने गांववासियों से अपील की कि वे स्वच्छ पर्यावरण और जल संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाएं। श्री महंत ने यह भी कहा कि यज्ञ हवन हमारी परंपराओं और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा हैं और ऐसे धार्मिक आयोजन समय-समय पर होने चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियां धर्म, संस्कार, और संस्कृति से जुड़ी रहें। नरेंद्र कुमार व पराग कुमार ने कहा कि यहां खाटू श्याम बाबा के मंदिर में सभी कार्य यहां पर ट्रस्ट द्वारा ही किए जाते हैं।

---

# मांगों को लेकर डीईओ को ज्ञापन

- जिला प्रधान भूपेंद्र चाहर की अध्यक्षता में राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला भिवानी कार्यकारणी ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज से प्राथमिक शिक्षकों की समस्याओ को लेकर सौहार्दपूर्ण माहौल में एक बैठक की। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान भूपेंद्र चाहर और संचालन जिला महासचिव सुमित शर्मा ने किया।

बैठक में जिला प्रधान भूपेंद्र चाहर ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि प्राथमिक अध्यापकों की एसीपी का लाभ एनसीटी के नियमानुसार समय पर दिया जाए। एसीपी की सभी त्रुटियों को एक बार ही दर्शाया जाये। जिले के 70 प्रतिशत प्राथमिक विद्यालयों में सफाई कर्मचारी नही है।इसलिए सभी प्राथमिक विद्यालयों में सफाई कर्मचारी की व्यवस्था की जाए। सभी विद्यालयों में कुकिंग कॉस्ट का पर्याप्त बजट और कुक का वेतन समय पर दिया।जिले के अनेकों विद्यालयों में खाली पड़े मुख्य शिक्षक और शिक्षकों के पद तुरंत भरे जाएं। क्योंकि विद्यालयों के विभागीय और बाहरी कार्य इन्ही के जिम्मे होते हैं। मुख्य शिक्षक की पदोन्नति से सरकार पर भी कोई अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं पड़ता।



भिवानी। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

**सिटिजन चार्टर लागू करें**

जिला वरिष्ठ उप प्रधान हरिश गौच्छी व संगठन सचिव कृष्ण मलिक ने कहा कि प्राथमिक शिक्षकों से लिए जा रहे अनेकों गैरशैक्षणिक कार्य जैसे उल्लास, परिवार पहचान पत्र,बी एल ओ,इनकम सत्यापन आदि वापस लिए जाएं क्योंकि इनसे हमारा मुख्य कार्य बच्चों को शिक्षा देना बहुत प्रभावित हो रहा है। इसके लिए स्पष्ट आदेश जारी करवाये जाएं। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सिटिजन चार्टर लागू किया जाए। राज्य सह सचिव शोभित सांगवान ने कहां कि प्राथमिक कक्षाओ की परीक्षा के सभी विषयों के प्रश्न पत्र समय पर व संकुल के माध्यम से उपलब्ध करवाये जाये।विद्यालयों में वेतन,महंगाई भत्ता,चिकित्सा प्रतिपूर्ति आदि का बजट सैंक्शन के साथ ही उपलब्ध करवाया जाये। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने संघ की सभी माँगो को ध्यान से सुना।

---

# तनाव मुक्ति की दवा है ध्यान: फूल सिंह

- वैश्य महाविद्यालय में तनाव प्रबंधन के लिए ध्यान विषय पर कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

ध्यान आपके मन को शांत करने में मदद करता है। ध्यान के दौरान, आप अपने विचारों पर प्रतिक्रिया नहीं करते हैं वास्तव में ध्यान तनाव मुक्ति की एक अचूक दवा है यह बात वैश्य महाविद्यालय भिवानी के संस्कृत, वाणिज्य विभाग एवं हार्टफुलनेस एजुकेशन सोसायटी हैदराबाद के संयुक्त तत्वावधान में तनाव प्रबंधन के लिए ध्यान विषय पर प्राचार्य डॉ संजय गोयल के नेतृत्व में आयोजित कार्यशाला में मुख्य वक्ता हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट हैदराबाद से पधारे काउंसलर फूल सिंह ढाका ने कही। उन्होंने कहा कि ध्यान लगाने के लिए मन को बाहरी वातावरण से दूर कर उसे एकाग्र करना होगा । उन्होंने वृक्ष को संतान के समान बताया । कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल,मुख्य वक्ता हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट हैदराबाद से पधारे काउंसलर फूल सिंह ढाका, कर्मजीत दलाल, राजबाला तंवर, कार्यशाला के संयोजक डॉ. विपिन गुप्ता, डॉ पवन गुप्ता एवं डॉ कामना कौशिक द्वारा मां सरस्वती को नमन करते हुए किया गया। प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि संसार में प्रतिस्पर्धा ,पीढ़ी अंतराल ,आर्थिक , सामाजिक व राजनीतिक कारणों से हर व्यक्ति तनाव से ग्रस्त होता जा रहा है। इसके लिए मनुष्य को स्वयं पर नियंत्रण कर ध्यान क्रिया के माध्यम से तनाव मुक्त होना होगा।




भिवानी। मुख्यअतिथि को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

---

# खनन वाहनों की जांच का कार्य लगातार जारी: डीसी



**भिवानी।** उपायुक्त एवं जिला टास्क फोर्स के अध्यक्ष महावीर कौशिक के निर्देशानुसार जिला में खनन वाहनों की चेकिंग का अभियान लगातार जारी है। जिला टास्क फोर्स के अधिकारी पूर्ण सक्रियता के साथ वाहनों की जांच कर रहे हैं। कोई भी वाहन बिना ई-रवाना बिल के खनन सामग्री नहीं ले जा सकता है। अगर कोई वाहन ऐसा करता पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ नियम अनुसार कार्रवाई अमल में लाई जाती है। जिला खनन अधिकारी पंकज कुमावत ने बताया कि अगर किसी ट्रैक्टर ट्राली में बिना ई-रवाना बिल के खनन सामग्री पाई जाती है तो उसके खिलाफ लगभग दो लाख 15 हजार रूपए का जुर्माना लगाया जाता है। इसी प्रकार से अगर ट्रक में अवैध खनन सामग्री पाई जाती है तो उस स्थिति में जुर्माने की राशि लगभग चार लाख 15 हजार रूपए रहती है। उपायुक्त महावीर कौशिक ने बताया कि जिला टास्क फोर्स की बैठक में पहले ही निर्देश दिए जा चुकी है कि अवैध खनन को किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी तथा खनन विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग लगातार मॉनिटर कर रहे हैं।

---

#### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में कार्यक्रम का आयोजन

# दिव्यता की मिसाल थी दादी डॉ. हृदयमोहिनी

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

ब्रह्माकुमारी संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी डॉ. हृदयमोहिनी व संयुक्त मुख्य प्रशासिका दादी चंद्रमणि योग शक्ति, दिव्यता व सत्यता की मिसाल थी, ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा शाखा में उनके पुण्य स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में झोझूकलां सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने व्यक्त किए। दादी हृदयमोहिनी के स्मृति दिवस को विश्वभर में दिव्यता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।



चरखी दादरी। ब्रह्माकुमारी संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी डॉ. हृदयमोहिनी व संयुक्त मुख्य प्रशासिका दादी चंद्रमणि को नमन करते बीके भाई बहन।

**दादीजी ने दिया आध्यात्मिकता का संदेश**

गौरतलब है कि 11 मार्च 2021 को ब्रह्माकुमारीज की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी हृदयमोहिनी का देवलोकगमन हो गया था। दादी 93 वर्ष की थी और मात्र नौ वर्ष की आयु में ही संस्थान से जुड़ गई हैं, उनको बचपन से दिव्य दृष्टि का वरदान प्राप्त था। वर्ष 1969 में संस्थान के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के अव्यक्त होने के बाद उन्होंने अपनी दिव्य दृष्टि की शक्ति से लाखों भाई-बहनों का परमात्म संदेश सुनाकर संदेशवाहक की भूमिका निभाई। सभी उन्हें प्यार से दादी गुलजार भी कहते थे। दादी के योग-तपस्या का कमाल था कि उनके संपर्क में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को उनकी तपस्या की दिव्य अनुभूति होती थी, उनका दिव्य एवं तेजस्वी चेहरा रुहानियत से भरपूर था। ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने दादी चंद्रमणि के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की दादीजी पवित्रता की धनी मर्यादाओं में अटल विपरीत परिस्थितियों में अचल अडोल निर्भीक शेरे पंजाब थी। ब्रह्माकुमारी रितु बहन ने कहा कि दादीजी हमेशा तीन बजे ब्रह्ममुहूर्त में उठ जाती थी। इसके साथ ही उनकी दिनचर्या की शुरुआत साधना से होती थी, यहां तक कि चलते-फिरते, खाते-पीते ईश्वर के ध्यान में मग्न रहती थी। ब्रह्माकुमारी बहन ने कहा कि दादीजी को दिव्य दृष्टि का वरदान था, वर्ष 1969 से 2016 तक परमात्मा के संदेशवाहक की भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि विश्व के कई देशों में जाकर दादीजी ने आध्यात्मिकता का संदेश दिया।

## खबर संक्षेप



### पानी की किल्लत से मिलेगा छुटकारा

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा में पीने की पानी की समस्या से छुटकारा मिलेगा, इसके लिए विभाग ने पूरी योजना बनाकर इस कार्य को अमलीजामा पहनाना शुरू कर दिया है। उल्लेखनीय है कि बवानी खेड़ा में के विभिन्न वार्डों में पीने की पानी की समस्याओं को लेकर लोगों द्वारा प्रदर्शन किया जाता था लेकिन अब ऐसा नहीं होगा अभी विभाग द्वारा पूरी रणनीति बनाकर लाइनों का एस्टीमेट लेकर ऐसी गलियों में पाइप लाइन बिछाई जा रही है।

### कूड़ा डालने के 10 डंपिंग प्वाइंट करवाएं गए बंद

**भिवानी।** उपायुक्त महावीर कौशिक ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि स्कूली बच्चों व सामाजिक संस्थानों द्वारा जागरूकता रैली निकालकर खुले में कूड़ा न डालने बारे आमजन को जागरूक किया जाए। उन्होंने बताया कि आमजन व संस्थाओं के सहयोग से नगर परिषद द्वारा 10 डंपिग प्वाईटों बंद करवाया गया है और 29 प्वाइंटों के लिए प्रयासरत, उन्हें भी शीघ्र ही बंद करवाया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे शहर को सुंदर बनाने में प्रशासन का सहयोग करें।

### सीबीएलयू को बनाया नोडल सेंटर

**भिवानी।** भारत सरकार द्वारा विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2025 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देशभर से 300 नोडल केंद्र बनाए गए हैं। चरखी दादरी, भिवानी और महेंद्रगढ़ तीन जिलों का नोडल केंद्र चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय को बनाया गया है, विश्वविद्यालय के लिए ये बड़ी उपलब्धि है, ये जानकारी विवि की कुलसचिव डॉ. भावना शर्मा एवं स्टूडेंट वेलफेयर के डीन डॉ. सुरेश मलिक ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि विवि की कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी के कुशल नेतृत्व में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट प्रतियोगिता 20 से 26 मार्च को प्रातः नौ बजे प्रेमनगर स्थित विवि के श्रीनिवास रामानुजन सभागार में होगी।

## मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

# संयुक्त किसान मोर्चा ने मांगों को लेकर दिया धरना

■ 18 मांगों को लेकर किसान संगठनों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

संयुक्त किसान मोर्चा ने मोर्चे के राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत अपनी जवलंत मांगों को लेकर शहर में रोष प्रदर्शन कर उपायुक्त कार्यालय के सामने धरना दिया और उपायुक्त के माध्यम से 18 सूत्री मांगपत्र मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन लेने नगराधीश अनिल कुमार किसानों के बीच पहुंचे और इस संबंध में उच्चाधिकारियों व सरकार से बातचीत कर समाधान करवाने का आश्वासन दिया।धरने की अध्यक्षता किसान सभा से रामफल देशवाल, युवा कल्याण संगठन से कमलसिंह प्रधान, एआईकेकेएस से रोहनाश सैनी, बीकेयू टिकेत से रवि आजाद, चन्दूनी ग्रुप से राकेश आर्य, नैन ग्रुप से मेवासिंह आर्य, जम्हूरी किसान सभा से आजाद सिंह मिरान, ग्राम स्वराज किसान मोर्चा से राजसिंह व भारतीय किसान संघर्ष समिति से अजीत बाडी ने संयुक्त रूप से की। मंच संचालन किसान सभा के मास्टर जगरोशन ने किया। प्रदर्शन व धरने को सम्बोधित करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय नेता कामरेड इन्द्रजीत सिंह व कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि केन्द्र सरकार ने किसानों से वादा किया था कि डॉ. स्वामीनाथन रिपोर्ट के अनुसार एमएसपी की संवैधानिक गांरटी देंगे, लेकिन उन्होंने ऐसा न करके किसान संगठनों व धरतीपुत्रों से धोखा किया हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसान मजदूर की कर्जा माफी पर विचार करने, बिजली निगम के निजीकरण को रद करने की भी बात कही थी, लेकिन केन्द्र सरकार अपने वायदे से मुकर गई है और अप्रत्यक्ष रूप से तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने के बाद नया मंडी कानून प्रारूप ले आई है, जो बहुत ही खतरनाक है। उन्होंने कहा कि नया मंडी कानून लागू होने पर देश का मण्डी स्वरूप खत्म हो जाएगा तथा किसानों की लूट होगी, आज देशभर के सभी जिला स्तर पर इसका विरोध किया जा रहा है, जिसका विभिन्न संगठन समाधान होने तक पीछे हटने वाले नहीं हैं। उन्होंने बताया कि भिवानी व दादरी में 2023 की खरीफ फसल के बीमा क्लेम का 350 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है, ये घोटाला क्षेमा बीमा कम्पनी और बड़े अफसरों ने मिलकर किया, जिसकी उच्च स्तरीय न्यायिक जांच होनी चाहिए और दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। इसके साथ ही किसानों के खाते में 350 करोड़ रुपये तुरन्त डाले जाएं, जिससे उन्हें राहत मिल सकें।





**भिवानी।** नगराधीश को मांगपत्र सौंपते संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारी व सदस्य व किसानों की मांगों को लेकर शहर में विरोध प्रदर्शन करते संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारी व सदस्य। फोटो :हरिभूमि

**बर्बाद फसलों का शीघ्र मुआवजा मिले**

*किसान नेता कामरेड ओमप्रकाश, कमल सिंह प्रधान व रवि आजाद ने वर्ष 2023, 2024 व 2025 का बेमौशमी बारिश, ओलावृष्टि व सर्दी से बर्बाद हुई फसलों का शीघ्र मुआवजा देने, नहरों में एक सप्ताह पानी देने, तेल पाइप लाइन प्रभावित किसानों को न्यायोचित मुआवजा देने व बकाया ट्यूबवैल कनेक्शन शीघ्र जारी करने की मांग उठाई। प्रदर्शन व धरने को मास्टर बस्तीराम, कविता आर्य, डॉ. बलबीर ठाकन, जोगेन्द्र तालू, कर्ण सिंह जैनावास, सुबेदार धनपत ओबरा, रामोतार बलियाली, नरेन्द्र धनाना, छोटूराम पूनिया, प्रताप सिंह सिंहमार, रणधीर सांगवान, मन्दरूप यादव व सन्तोष देशवाल ने सम्बोधित किया।*

# जिले में नकल रहित बोर्ड परीक्षाओं का संचालन, टीमें पूरी तरह मुस्तैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

उपायुक्त मुनीश शर्मा ने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं को पूरी तरह से नकल रहित संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है। परीक्षा केंद्रों पर सख्त निगरानी रखते हुए एसडीएम और शिक्षा अधिकारियों द्वारा लगातार औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं, ताकि परीक्षा प्रक्रिया को पूर्णतः नकल मुक्त और अनुशासित माहौल में संपन्न कराया जा सके। मंगलवार को परीक्षा के दौरान प्रशासनिक एवं शिक्षा अधिकारियों ने जिला के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक किया और परीक्षा कक्षों का बारीकी से निरीक्षण किया। परीक्षा केंद्रों में परीक्षा नियमों की सख्ती से अनुपालना सुनिश्चित करवाई जा रही है, जिससे किसी प्रकार की अनियमितता की गुंजाइश न रहे। एचबीएसई व जिला प्रशासन द्वारा गठित फ्लाइंग दस्ते भी पूरी मुस्तैदी से परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि वे परीक्षा केंद्रों में प्रवेश से लेकर परीक्षा समाप्ति तक पूरी तरह से अलर्ट रहते हुए सतर्कता बनाए रखें। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाए। जिला में एसडीएम को भी विशेष तौर पर परीक्षा केंद्रों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त की तरफ से सख्त निर्देश दिए की नकल न हो सके।



**भिवानी।** परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते एसडीएम आशीष सांगवान।

# जेसीआई भिवानी ब्लॉसम की सदस्यों ने शिविर में सीखें आत्मरक्षा के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बेटियों व महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जेसीआई भिवानी ब्लॉसम ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत एक विशेष जागरूकता रैली का आयोजन किया। इस आयोजन में जुम्बा ट्रेनिंग और आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण टिप्स देकर बेटियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का आयोजन जेसीआई की प्रधान मीनू रानी व आईपीपी श्वेता मित्तल की देखरेख में हुआ। इस मौके पर जुम्बा ट्रेनर रूकसाना ने स्वास्थ्य संबंधी व कोच प्राची ने आत्मरक्षा संबंधी विभिन्न तकनीकों की जानकारी दी। रैली के दौरान विभिन्न नारों और पोस्टरों के माध्यम से समाज को बेटियों की शिक्षा एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। जेसीआई की प्रधान मीनू व पूर्व प्रधान श्वेता ने कहा कि बेटियों व महिलाओं को आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाने के लिए ये पहल की गई है। जुम्बा न केवल फिटनेस को बढ़ावा देता है, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। वहीं आत्मरक्षा के गुर सीखने से लड़कियां किसी भी विपरीत परिस्थिति में खुद को बचाने में सक्षम होंगी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में बेटियों को बराबरी का अधिकार दिलाने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में जागरूकता फैलाना था।

**निकाली बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ रैली**



**भिवानी।** आत्मरक्षा ट्रेनिंग करती जेसीआई भिवानी ब्लॉसम की सदस्य।

# मुआवजे के लिए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

बाढ़ड़ा क्षेत्र में ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों के मुआवजा देने व किसानों की दूसरी लंबित मांगों को लेकर रोष बना हुआ है। उसी के चलते भारतीय किसान यूनियन ने जिलाध्यक्ष हरपाल भांडवा की अगुवाई में बाढ़ड़ा किसान भवन में बैठक आयोजित कर रोष जताया। उसके बाद किसान भवन से एसडीएम कार्यालय तक रोष प्रर्दशन किया और सीएम के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। भाकियू ने उनकी मांग पूरी नहीं करने पर पांच दिन का अल्टीमेटम देते हुए बिजली निगम के एसडीओ कार्यालय पर ताला जड़ने की चेतावनी दी है। बता दे कि बीते 28 फरवरी देर शाम को चरखी दादरी जिले के बाढ़ड़ा क्षेत्र में ओलावृष्ट से कई गांवों में फसलों को नुकसान हुआ था। नुकसान की भरपाई की मांग के लिए प्रभावित किसान व किसान संगठनों के लोग धरना प्रदर्शन, रोड़ जाम, ज्ञापन आदि के जरिए अपनी मांग रख चुके हैं। मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी एवं किसान बाढ़ड़ा के छोटूराम किसान भवन में एकत्रित हुए और किसानों की लंबित मांगों को लेकर विचार विमर्श किया।



**बाढड़ा।** बाढड़ा एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू पदाधिकारी।

# शिविर : पोस्टर मेकिंग में सलोनी ने बाजी मारी

■ स्वयंसेवकों ने योग व आसन कर दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस की तीनों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में सात दिवसीय शिवर के तीसरे दिन की शुरुआत योग क्रियाओं के माध्यम से की, जिसमें योगाचार्य गजानंद योग क्रियाओं के माध्यम से योग के महत्व पर प्रकाश डाला। एनएसएस प्रभारी डॉ. सुदेश ने योग का हमारे जीवन में महत्व एवं उपयोग के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। इसके बाद मुख्यतिथि मुख्य योग शिक्षक गजानन योगाचार्य ने स्वयंसेवकों को योग व आसन से संबंधित विभिन्न क्रियाएं करके दिखाई। उन्होंने पञ्चमहाभूतों आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी के बारे एवं यथा पिंडे तथा ब्रह्मांडे विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि योग हमारी शारीरिक एवं मानसिक शक्ति को दृढ़ता प्रदान करता है, हमारे शरीर को स्वस्थ बनाता है तथा तनाव को कम करता है। उन्होंने योग संबंधी विभिन्न आसन जैसे कि उष्ट्रासन, अर्ध चंद्रासन, वज्रासन एवं सूर्य नमस्कार करके दिखाएं एवं उनके महत्व की जानकारी दी। डॉ. मदन सिंह ने मुख्यतिथि का धन्यवाद किया और बताया कि कोई न कोई फिजिकल एक्टिविटी हमें रोजाना अवश्य करनी चाहिए। इसके साथ ही संतुलित भोजन और विटामिन हमारे शरीर के लिए अत्यंत लाभदायक है। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में सलोनी ने प्रथम, रोहित ने द्वितीय और हितेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में खुशी प्रथम, मोहित द्वितीय और राहुल ने तृतीय स्थान हासिल किया। एनएसएस प्रोग्राम अधिकारी पूनम जोगपाल ने प्रतियोगिता में मुख्य भूमिका निभाई और छात्रों को सम्मानित किया।



**भिवानी।** महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय में योग क्रियाएं करते

### सराहनीय : रक्तदान कर बचाई गर्भवती की जान

**भिवानी।** इलाज की सुविधा होने के बाद भी कई बार लोगों के जीवन की डोर सिर्फ इसलिए टूट जाती है कि उन्हें समय पर खून नहीं मिलता। रक्तदान से किसी व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है, ये विचार शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने व्यक्त किए। डूडेजा ने बताया कि आज भिवानी में देर रात्रि निजी अस्पताल में गर्भवती महिला के लिए एबी पॉजिटिव फ्रेश होल ब्लड की जरूरत हुई तो उन्होंने सक्रिय रक्तदाता सत्यवान को सूचना दी। सत्यवान सूचना के तुरंत बाद अपने दोस्त सुनील वर्मा को रक्तदान के लिए ब्लड बैंक में लाये और रक्तदान करवाया। शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने शहर के सभी युवा रक्तदाताओं से अपील की कि होली व फाग का त्यौहार आ रहा है।



रक्तदाताओं को सम्मानित करते रक्तवीर राजेश डूडेजा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

# अवैध खनन को लेकर चल रहा धरना खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

गांव रामलवास के माइनिंग जोन में पिछले काफी समय से अवैध खनन और जल का दोहन बंद करने की मांग को लेकर ग्रामीण 6 माह धरना-प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान जहां ग्रामीणों द्वारा संबंधित कंपनी पर आरोप लगाते हुए विधानसभा चुनाव का बहिष्कार कर चुके हैं वहीं मंत्री व सीएम तक ठोस कार्रवाई की मांग की गई है। अब ग्रामीणों की प्रशासन से बात होने व ठोस आश्वासन के बाद मंगलवार को तहसीलदार सज्जन कुमार ने धरने पर पहुंचकर ग्रामीणों को जूस पिलाकर व माला पहनाकर धरना समाप्त करवाया। इस मौके पर गांव रामलवास के ग्रामीण मनीराम, रत्न सिंह, लाल चंद यादव, धर्मपाल इत्यादि ने बताया कि अवैध खनन और अवैध जल दोहन को रोके जाने का टर्मिनेट करने का नोटिस भेज दिया गया है। अब यहां पर किसी भी प्रकार का कोई खनन ओर खान का उपयोग नहीं किया जाएगा। खान और खनन के टर्मिनेट होने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है और पिछले 6 महीने से चल रहे धरने को भी खत्म कर दिया गया है। इस अवसर पर मंदरूप,मुकेश, रोशन, मदन, शिवलाल, सत्यप्रकाश व अन्य मौजूद रहे।

**जूस पिलाकर करवाया धरना समाप्त**



**बाढड़ा।** धरना समाप्त करवाते बाढ़ड़ा तहसीलदार। फोटो :हरिभूमि



**बाढड़ा।** बाढ़ड़ा बीडीपीओ कार्यालय के सामने धरना देते ग्रामीण सफाईकर्मी

### बकाया मानदेय की मांग को लेकर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने धरना देकर जताया रोष

**बाढ़ड़ा।** बीते दो माह से बकाया मानदेय नहीं मिलने के कारण ग्रामीण सफाई कर्मचारियों में रोष बना हुआ है। उसी के चलते उन्होंने बाढ़ड़ा में बीडीपीओ कार्यालय के सामने धरना शुरू कर नारेबाजी की और बकाया मानदेय देने की मांग की। धरना दे रहे सफाई कर्मियों ने कहा कि बाढड़ा खंड के सभी ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को पिछले दो माह से मानदेय नहीं मिला है जिसके कारण होली के त्योहार पर सभी कर्मचारियों का होली का त्योहार फीका है। ब्लॉक प्रधान सुमेर सिंह ने मंगलवार को बताया कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को पिछले दो माह से मानदेय, एक साल से पीएफ, ढाई साल से ईएसआई का पैसा नहीं मिला है जिसके कारण ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का घर का खर्चा चलाना मुश्किल हो रहा है इस लिए मजबूर होकर सभी ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने बीडीपीओं कार्यालय के सामने धरना शुरू कर दिया है। ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का कहना है कि जब तक मानदेय नहीं दिया जाएगा तब तक धरना जारी रहेगा।

**मांग** ध्वनि प्रदूषण से न केवल आमजन, बल्कि पशु-पक्षियों व पर्यावरण को हो रहा नुकसान

# डीजे बजाने की समय सीमा व स्थान निर्धारित करने को लेकर अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

*ध्वनि प्रदूषण नियम का सख्ती से पालन करवाएं जिला प्रशासन: फौगाट*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

ध्वनि प्रदूषण (नियंत्रण व विनियम) नियम 2000 के तहत रात दस बजे के बाद डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंद्ध तथा नियम का उल्लंघन करने पर पुलिस कार्रवाई और जर्मुाना लगाया जा सकता है, जिस नियम का तकरीबन सभी लोगों को पता है, इसके बावजूद कुछ लोग इस नियम को दरकिनार कर देर रात तक तेज आवाज में डीजे बजाते है, जिसके चलते आसपास के लोगों, विशेषकर बुजुर्गो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में जिला प्रशासन को सख्त कदम उठाने चाहिए, ऐसे में जिला दादरी के अंतर्गत शहर व गांवों में डीजे बजाने की समय सीमा व स्थान निर्धारित करने की मांग को लेकर मंगलवार को अधिवक्ताओं ने समाधान शिविर में उपायुक्त को मांगपत्र सौंपा। अधिवक्ताओं का नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी के विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अधिवक्ता कुलवंत फौगाट ने किया। शिविर में मांगपत्र सौंपते हुए अधिवक्ता कुलवंत ने कहा कि जिले के अंतर्गत शहर व गांवों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, शादियों व अन्य समारोह के दौरान डीजे को बहुत तेज आवाज में बजाकर भारी मात्रा में ध्वनि प्रदूषण फैलाया जाता है, जिसके चलते गर्भवती महिलाएं, दुधारू पशु-पक्षियों, हृदय रोगियों, बुजुर्गो व विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यही नहीं डीजे पर अभद्र गाने भी बजाए जाने का प्रचलन सा चला हुआ है, जिससे समाज में अभद्रता को बढ़ावा मिलता है। इस मौके पर अधिवक्ता सौरभ गोयल, सतेंद्र सिंह, बबीता श्योराण, दया डागर, सुरेश बादल व अन्य मौजूद रहे।



**भिवानी।** अधिवक्ता कुलवंत फौगाट के नेतृत्व में मांगपत्र सौंपने जाते अधिवक्ता।

**समाज को जागरूक किया**

*फौगाट ने कहा कि वे खुशियां मनाने के खिलाफ नहीं, लेकिन प्रत्येक व्यक्ति को समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व का ज्ञान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ध्वनि प्रदूषण के कारण अनेक समस्याएं उत्पन्न होती है, इसीलिए प्रशासन को इस दिशा में सख्ती से नियमों की पालना करवानी चाहिए। उन्होंने मांगपत्र के माध्यम से मांग उठाई कि डीजे बजाने की समय सीमा व स्थान निर्धारित हो, ट्रैक्टरों पर बड़े-बड़े साऊंड सिस्टम लगा तेज आवाज में अभद्र गाने बजाने वालों पर रोक लगे तथा गांवों के सरपंचों व शहर के पार्षदों व चेयरमैन को दिशा-निर्देश जारी कर नियमों का सख्ती से पालन करवाया जाना चाहिए।*